<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 अप्रैल 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों में मतदान शुरू। एक करोड़ तैंतालीस लाख मतदाता शाम छः बजे तक कर सकेंगे मताधिकार का प्रयोग।
- मतदान को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने की अपील। कहा– वोट डालने जरूर आयें।
- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की अधिसूचना कल हुयी जारी। तीसरे चरण में नामांकन दाखिल करने का आज आखिरी दिन।
- एम्स गोरखपुर में शुरू हुयी ऑनलाइन भुगतान की सुविधा। काउंटरों पर चस्पा किया गया क्यूआर कोड।

**********

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के अंतर्गत आज प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों बिजनौर, मुरादाबाद, कैराना, मुजफ्फरनगर, नगीना, सहारनपुर, रामपुर और पीलीभीत में मतदान अबसे कुछ देर पहले शुरू हो गया है। मतदान का सिलसिला सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। आज जिन संसदीय सीटों के लिये मतदान हो रहा है उनमें पीलीभीत हाईप्रोफाइल मानी जा रही है। यहां कई बूथों पर मतदाता सात बजने से पहले ही लाइन में लग चुके हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***मैं इस समय शहर के नई बस्ती बूथ पर हूं। यहां मतदान शुरू होने से पहले ही मतदाता लाइन में लग गए हैं। मॉक ड्रिल के बाद वोटिंग शुरू कराई गई है। जिले में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करते हुए मतदान केंद्रों पर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। युवा मतदाताओं में मतदान करने का सर्वाधिक क्रेज देखा जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद के चुनाव मैदान में होने से यह सीट महत्वपूर्ण बनी हुई है। उनके सहित कुल 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज 18 लाख 31 हजार 699 मतदाता करेंगे। सतीश मिश्र आकाशवाणी समाचार पीलीभीत।***

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया है कि राज्य की इन सभी आठ सीटों पर मतदान के लिये सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदेय स्थल पर जो मतदाता सायं 6 बजे उपस्थित रहेंगे उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर दिया जाएगा।

आज प्रदेश की जिन आठ संसदीय सीटों पर मतदान हो रहा है, वहां कुल 80 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 7 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 14 प्रत्याशी कैराना लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम 6–6 प्रत्याशी नगीना और रामपुर लोकसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। इन आठ लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ 43 लाख़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। इनमें 76 लाख 23 हजार पुरूष और 67 लाख 14 हजार महिला और 824 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इस चरण में होने वाले मतदान के लिये कुल सात हजार से अधिक मतदान केन्द्र और 14 हजार 842 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिये प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

मतदान के दौरान आपातकालीन हालात से निपटने के लिये अर्द्धसैनिक बलों के लिये हेलीकाप्टर और एयर ऐंबुलेंस का इन्तजाम किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में मतदान के लिए 18 हजार 6 सौ 62 इवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 18 हजार 734 बैलेट यूनिट और उन्नीस हजार छह सौ तीन वीवीपैट की व्यवस्था की गयी है। कुल 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाईव वेब कास्टिंग भी सुनिश्चित की जा रही है।

**********

लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व लोकसभा चुनाव 2024 के उत्सव में आज प्रदेश के आठ लोकसभा क्षेत्रों समेत देश में 102 संसदीय सीटों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इस बीच मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने अधिकाधिक मतदाताओं से वोट करने की अपील की है।

***देश के प्रिय मतदाताओं भारत के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और अनमोल क्षण है। लगभग साढ़े सोलह करोड़ वोटर्स विभिन्न राज्यों में लगभग वन प्वाइंट एट सिक्स लाख मतदान केंद्रों पर मतदान करेंगे। इस मौके पर मैं आपसे कुछ कहना चाहता हूँ चुनाव भारत के लोकतंत्र की गौरवशाली अभिव्यक्ति है भारत निर्वाचन आयोग और इसके लाखों अधिकारियों ने आपके मतदान अनुभव को शांतिपूर्ण सहज और सुखद बनाने के लिए पिछले दो वर्षों में बहुत कड़ी मेहनत की है हमने आपके निवास पर मतदाता सूचना पर्चियां भी पहुँचाई है कृपया वोट करने जरूर आए ये हमारा अनुरोध है***

**********

अगर किन्हीं कारणों से आपके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो भी आप अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने बारह अन्य फोटोयुक्त वैकल्पिक पहचान पत्रों को मतदान के लिये मान्य किया है। इनमें– आधारकार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, बैंक या डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय से जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार और पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों से कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र आदि शामिल हैं।

**********

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव की अधिसूचना कल जारी कर दी गई। इस चरण में प्रदेश की तेरह सीटों–शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में आगामी 13 मई को मतदान कराया जायेगा। राज्य की इन 13 संसदीय सीटों के लिये नामांकन पत्र 25 अप्रैल तक दाखिल किये जा सकेंगे। इसके साथ ही लोकसभा के तीसरे चरण के लिए भी नामांकन–पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। तीसरे चरण में प्रदेश की दस संसदीय सीटों–संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं और बरेली और आंवला में 7 मई को वोट डाले जायेंगे। तीसरे चरण के लिये नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख है। बदायूं सीट से कल बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी और पूर्व विधायक मुस्लिम खां ने नामांकन पत्र भरा। वहीं भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह ने अपना दूसरा नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा और बदायूं सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता भी मौजूद थे।

वहीं चौथे चरण की कल अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस क्रम में कल पहले दिन खीरी लोकसभा क्षेत्र से केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री टेनी को भारतीय जनता पार्टी ने इस क्षेत्र से दूसरी बार उम्मीदवार बनाया है। इसी सीट से नरेश सिंह भदौरिया ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा भरा है। उधर, सीतापुर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजेश वर्मा ने नामांकन दाखिल किया। इसी कड़ी में हरदोई सीट से मौजूदा सांसद और भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत और मिश्रिख सीट से वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत ने नामांकन पत्र भरा।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रमुख नेताओं की तरफ से प्रचार अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। कल मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, मेरठ और हापुड़ में जनसभा कर पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। श्री योगी ने कहा कि पिछले दस सालों के दौरान एनडीए सरकार की विकासवादी नीतियों से दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बयान जारी कर लोगों से आह्वान किया है कि वह पहले चरण के तहत होने जा रहे चुनाव में महिलाओं, युवाओं और किसानों के जनाधिकारों को बचाने और सामाजिक सद्भाव मजबूत करने के लिये अपने वोट का सदुपयोग करे। वहीं, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए कहा है कि आम लोग प्रदेश और केन्द्र की भाजपा सरकारों की गलत नीतियों से परेशान हैं।

**********

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स गोरखपुर ने भुगतान के लिए नयी सुविधा प्रदान की है। अब मरीज या उनके परिजन यहां ऑनलाइन भुगतान कर सकेगें। इससे उन्हें लम्बी लाइन लगाने से छुटकारा मिलेगा। ऑनलाइन भुगतान के लिए एम्स में रोगी पंजीकरण और यूजर चार्ज काउन्टर पर क्यूआर कोड चस्पा कर दिया गया है। रोगी या उनके परिजन इस क्यूआर कोड को स्कैन कर के भुगतान कर सकेंगे। एम्स गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक डाक्टर गोपाल कृष्णपाल का कहना है कि ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू होने से रोगियों के साथ ही कर्मचारियों का भी समय बचेगा।

**********

पहली जुलाई से लागू होने वाले तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस के उप निरीक्षकों को इक्कीस अप्रैल से उनतीस जून तक प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण की यह व्यवस्था दस चरणों मे की जा रही है।

**********